भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1545
दिनांक 12.12.2023/ 21 अग्रहायण, 1945 (शक) को उत्तर के लिए

संघर्ष विराम का उल्लंघन

†1545. श्री वी.के. श्रीकंदनः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर हाल ही में आठ घंटे तक चली झड़प के मुद्दे पर पाकिस्तान रेंजर्स के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है;
(ख) क्या यह भी सच है कि बीएसएफ ने हाल ही में हुए संघर्षविराम उल्लंघन को आधिकारिक चैनलों पर अपने समकक्षों के साथ औपचारिक रूप से उठाया था;
(ग) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि 17 अक्तूबर, 2023 के बाद से यह दूसरी बार है जब पाकिस्तानी रेंजर्स ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर गोलीबारी की और बीएसएफ की चौकियों को निशाना बनाया;
(घ) क्या यह भी सच है कि पाकिस्तानी रेंजरों की गोलीबारी में बीएसएफ के दो जवान और नागरिक घायल हो गए थे; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री निशिथ प्रामाणिक)

(क)से (ङ) : सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने हाल ही में जम्मू के अरनिया सेक्टर में हुई एक झड़प के मुद्दे पर पाकिस्तान के साथ एक मजबूत विरोध दर्ज किया। इसके अलावा, बीएसएफ ने पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ ध्वज बैठकों के दौरान हालिया संघर्षविराम उल्लंघन का भी मुद्दा उठाया। 17 अक्टूबर, 2023 के बाद से पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा की गई अकारण गोलीबारी में 05 बीएसएफ जवान और 01 नागरिक घायल हुए।

****